समाचार

राजस्व मंत्री मंगलवार को करेंगे वार्ड क्र. 27 में सामुदायिक भवन का लोकार्पण

कोरबा 21 फरवरी 2022 – राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल मंगलवार 22 फरवरी को दोपहर 12 बजे नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 27 मानिकपुर मुख्य मार्ग शहीद भगत सिंह कालोनी के पास नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा की जाएगी तथा पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, एम.आई.सी.के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे।